**Fourteenth Loksabha**

**Session : 7**
**Date : 23-02-2006**

**Participants : Singh Smt. Pratibha**

>

Title : Need to set up an Ordnance Factory in Himachal Pradesh with a view to generate employment opportunities in the region.

**श्रीमती प्रतिभा सिंह (मंडी) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन और रक्षा मंत्री का ध्यान हिमाचल प्रदेश की ओर आकर्ति करते हुए निवेदन करना चाहती हूं कि हिमाचल, देश का ऐसा प्रदेश है जहां आबादी के अनुपात में सबसे अधिक लोग देश की रक्षा सेनाओं में संलग्न हैं और उसी अनुपात में सेवानिवृत्त सैनिकों की संख्या है। भू0पू0 सैनिक भी हिमाचल प्र ादेश में बहुत बड़ी संख्या में रहते हैं, लेकिन वहां रक्षा मंत्रालय ने अपना कोई भी कारखाना अभी तक स्थापित नहीं किया है।

महोदय, हिमाचल प्रदेश के लोगों की सरहद की रक्षा में कुर्बानियों का वर्णन करने की मुझे आवश्यकता नहीं है क्योंकि प्रदेश से ज्यादा से ज्यादा नौजवानों ने हर युद्ध में अपने जौहर दिखाए और अपनी जान न्यौछावर की। इसलिए मेरा आपके माध्यम से रक्षा मंत्री जी से निवेदन है कि वे हिमाचल प्रदेश में रक्षा सामग्री निर्माण से संबंधित एक बड़ा करखाना स्थापित करें ताकि हिमाचल प्रदेश के भू0पू0 सैनिकों तथा अन्य बेरोजगार युवकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें।